卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 45 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦22 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in




## सबके सहयोग से उत्तराखण्ड बनेगा सर्वश्रेष्ठ राज्य: धामी

### सीएम ने पंतनगर में नवनिर्मित जनरल विपिन सिंह रावत छात्रावास का किया लोकार्पण

पंतनगर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय पहुँचकर नवनिर्मित जनरल विपिन सिंह रावत छात्रावास का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रथम सीडीएस स्व. विपिन सिंह रावत को श्रद्धांजलि भी दी। तय कार्यक्रम के मुताबिक मुख्य मंत्री करीब 11 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे यहां भाजपा नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री धामी सीधे नवनिवर्मित विपिन सिंह रावत छात्रावास पहुंचे और पूजा अर्चना के साथ छात्रावास का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। साथ ही वहां लगे स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)





## दोस्त ने ही की थी पार्थ की गला दबाकर हत्या

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने पार्थ हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार लिया है। पकड़ा गया युवक नशेड़ी किस्म का है। आज मामले का एसपी सिटी हरबंस सिंह ने खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बीती 31 अक्टूबर



को पार्थ सामंत कुछ देर बाद आने की बात कहकर घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। उसकी हर जगह ढूंढ खोज हुई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अगले दिन वह गैस गोदाम रोड में अपनी कार मे (शेष पृष्ठ सात पर)

## फ्रेंचाईजी देने के नाम पर पांच लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिले में साईबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आये दिन साईबर ठग लोगों की मेहनत की कमाई को लूट ले रहे हैं। एक और मामले में अज्ञात साइबर ठगों द्वारा फ्रेंचाईची देने के नाम पर एक व्यक्ति से करीब पांच लाख रूपये की ऑनलाईन ठगी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में चिरमल सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी सनसिटी विला रूद्रपुर ने कहा है कि उसने फेसबुक पेज पर 5अक्टूबर 2023 को डिकैथ लॉन स्पोर्टस इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड नाम से एक पेज देखा। जिस पर शोरूम फ्रेंन्चाईजी के लिए लिखा गया था। उसने उक्त पेज पर फ्रेन्चाईजी के लिए अप्लाई किया तो उसे मेल आईडी से मेल आयी और उसके बाद अज्ञात व्यक्तियो द्वारा फ्रेंन्चाईजी के लिए सारा प्रोसिजर बताया गया। चिरमल का कहना है कि उसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस 49800 रूपये सिक्योरिटी के लिए 9 लाख 85 हजार जमा करने के लिऐ कहा गया। उसने झांसे में आकर 49 800 रूपये 14.10.2023 को एंव उसके बाद अलग अलग तारीखो में 4 लाख 50 हजार और बताये गये खातो में जमा कर दिये। उसके बाद अलग-अलग खातो में पेमेन्ट जमा करने के लिए कहा गया तो उसे शक हुआ है। उनसे बात करने की कोशिश की तो उन्होने अपने फोन नम्बरो को बंद कर लिया। उससे कुल 4 लाख 99 हजार 800 रूपये का फेसबुक के माध्यम से धोखाधड़ी उसके खाते से ले लिए। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बेटे की मौजूदगी में पिता ने लगाई फांसी

काशीपुर(उद संवाददाता)। ड्राई क्लीन की दुकान चलाने वाले व्यक्ति ने पुत्र की मौजूदगी में दुकान में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना को लेकर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। कारणों के



बारे में पता करने पर मृतक के परिजन चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं है। बता दें कि कटोराताल पुलिस चौकी के समीप, मोहल्ला काजीबाग निवासी शकील अहमद 46 वर्ष पुत्र रईस अहमद की चीमा रेलवे क्रॉसिंग के समीप ड्राई क्लीन की दुकान है। रोजाना की भांति गत मंगलवार को भी शकील अपने पुत्र साकिर के साथ दुकान पर मौजूद था। बताते हैं कि बेटा जब कपड़ों में प्रेस करने लगा तो शकील दुकान के ऊपर फर्स्ट फ्लोर पर चला गया। वह अक्सर ऊपर कमरे में आराम करने चला जाया करता था। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब शकील नीचे नहीं आया तो उसके पुत्र को इसकी चिंता सताने लगी। शाम लगभग 6:15 बजे जब उसने ऊपर जाकर देखा तो शकील रस्सी के सहारे फांसी पर झूलता पाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## एलएलबी के छात्र ने किया सुसाईड

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून में उत्तरांचल विवि के एक एलएलबी के छात्र ने देर रात पीजी में फांसी लगाकर जान दे दी। छात्र का शव पंखे से लटका मिला। जानकारी के अनुसार, कृष्णा शुक्ला(21) निवासी 86/57 छितावापुर, खास स्टेशन रोड लखनऊ(उत्तर प्रदेश) के फांसी लगाने की सूचना पुलिस को 112 के माध्यम से मिली। टीम ने बताया कि छात्र प्रेमनगर के महिमा एनक्लेव कैरी गांव के एक पीजी में रहता था। मकान मालिक दीपक कुमार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर छात्र को पंखे से उतारकर संयुक्त चिकित्सालय प्रेम नगर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वहीं, मौत के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है।

**किराये हेतु**

डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।

&%lEid dj%&
9897067700
9897683006

## तो क्या 'अरविंद' को किसी और भूमिका में देखना चाहती है 'तराई'?

### जोर पकड़ रही है पांडे को सांसद प्रत्याशी बनाने की मांग, नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र का सर्व समाज अरविंद के साथ, कई स्थानों पर टिकट दिए जाने के प्रस्ताव किए गए पास

-अर्श-

रूद्रपुर। कई बार, कोई राजनीतिक दल अपने ही दल के किसी नेता अथवा जनप्रतिनिधि की कर्मठता व रचनात्मकता एवं कार्य क्षमता को भली भांति नहीं पहचान पाता। परिणाम स्वरूप संबंधित राजनीतिक दल एवं क्षेत्र विशेष की जनता संबंधित राजनेता की कार्ययोजना,भविष्य दृष्टि एवं सृजनशीलता का समुचित लाभ पाने से वंचित रह जाती है। तराई के कद्दावर भाजपा विधायक एवं उत्तराखंड के पूर्व शिक्षा एवं खेल मंत्री अरविंद पांडे भाजपा की ऐसी ही अनदेखी का शिकार होकर रह गए जान पड़ते हैं ,जबकि राज्य का शिक्षा एवं खेल मंत्री रहने के दौरान पांडे अनेक मोर्चे पर न केवल





स्वयं को साबित कर चुके हैं बल्कि अपनी कार्य क्षमता का लोहा भी मनवा चुके हैं। उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री की हैसियत से राज्य की शिक्षा नीति में आमूल चूल परिवर्तन की मुहिम के दौरान, उन्होंने शिक्षा माफियाओं के मकड़जाल को तहस-नहस करने में जिस दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय दिया, वह अपने आप में अद्वितीय है। राज्य के स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी की पुस्तकों को अनिवार्य बनाते समय उन्हें तमाम तरह के राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ा ,लेकिन वे ना तो किसी राजनीतिक दबाव के आगे नतमस्तक ही हुए और ना ही शिक्षा माफियाओं का कोई प्रलोभन ही उनके दृढ़ निश्चय को डिगा पाया। इसी तरह जब उन्होंने राज्य के मैदानी इलाकों मैं वर्षों से जमे शिक्षकों को अपनी सुगम-दुर्गम नीति के तहत पहाड़ भेजने की मुहिम छेड़ी तो समूचे उत्तराखंड में हलचल मच गई और हाय तौबा मचाती हुई शिक्षक बिरादरी पहाड़ जाने से बचने के लिए अनेक तरह की जुगत लगाने लगी। मगर पांडे (शेष पृष्ठ सात पर)

# 23 मीटर शेष, 39 मीटर तक अंदर तक पहुंचाया पाईप

## बाबा बौखनाग देवता की पूजा अर्चना के बाद सुरंग के अंदर ऑगर मशीन से रात भर हुई ड्रिलिंग, मीडिया कर्मियों का लगा जमावड़ा

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान आज 11वें दिन भी जारी है। आज सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीम को बड़ी सफलता मिली है। रेस्क्यू टीम ने पाइप को 39 मीटर तक अंदर तक पहुंचा दिया है। इसके साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन जल्द ही पूरी होने की उम्मीद बढ़ी है। पाइप कुल 62 मीटर अंदर तक डाला जाना है अर्थात 23 मीटर शेष है। मंगलवार को सिलक्यारा सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों की पहली तस्वीर सामने आई थी। इससे पहले टीम को सफलता मिली और छह इंच का दूसरा फूड पाइप मजदूरों तक पहुंचा दिया गया था। इसी पाइप से उन्हें खाने के लिए खिचड़ी और मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जर भेजे गए थे। वहीं दिन रात चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन सिलक्यारा सुरंग के अंदर खाने की सप्लाई के लिए छह इंच का पाइप आरपार होने के जो सकारात्मक नतीजे आएं हैं उससे बचाव अभियान से जुड़ी सभी एजेंसियां व जिला प्रशासन उत्साहित हैं। वहीं सुरंग में हुए हादसे के बाद क्षेत्र के बाबा बौखनाग देवता का मंदिर भी चर्चाओं में आ गया था। बताया जा रहाहै कि अब लोगों की आस्था को मानकर मंदिर को स्थापित किया गया। जबकि मशीनों से काम शुरू करने पहले पूजा अर्चना की जा रही है। अब सभी को ऑगर मशीन से ही रेस्क्यू में सफलता मिलने की उम्मीद है। उम्मीद की जा रही है बुधवार देर रात या फिर गुरूवार की सुबह टनल में फंसे 41 मजदूर बाहर आ सकते हैं। सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए मंगलवार रात भर ड्रिलिंग का काम चला। ऑगर मशीन से 800 एमएम के छह पाइप डाले जा चुके हैं। 36 मीटर तक ड्रिलिंग की जा चुकी है। सातवें पाइप की वेल्डिंग का काम चल रहा है। ड्रिलिंग सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। ऐसे में रेस्क्यू आपरेशन के लिए आज का दिन अहम है। बचाव ऑपरेशन में तमाम एजेंसी के साथ ही पुलिसकर्मी, आईटीबीपी जवान भी जुटे हुए हैं। भारी ठंड के बावजूद बचाव दल से जुड़ी किसी भी टीम का हौसला कम नहीं है। ऑपरेशन सिलक्यारा के दौरान मंगलवार को सुबह अचानक सोशल मीडिया में भीतर की गतिविधियों की कुछ वीडियो वायरल हो गई। इस पर प्रशासन ने सख्ती कर दी है। भीतर काम कर रहे मजदूरों के अलावा कर्मचारियों और अधिकारियों को भी भीतर की वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी से रोक दिया गया है। हांलाकि सिल्क्यारों में देशभर से राष्ट्रीय एवं स्थानीय मीडिया के पत्रकारों के साथ ही डिजिटल मीडिया के कई रिपोर्टर्स भी पहुंचे है जो लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़ी अपडेट साझा कर रहे है। बताया जा रहा है कि बचाव अभियान में इस्तेमाल के लिए आ रही हर मशीन को चलाने से पहले पूजा की जा रही है। वहीं मजदूरों को छह इंच के नए फूड पाइप से भेजा जाएगा। एंडोस्कोपिक फ्लेक्सी कैमरा सुरंग में फंसे मजदूरों तक पहुंचाया गया। बचावकर्मी वॉकी-टॉकी के माध्यम से फंसे हुए श्रमिकों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।








## कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने किया रेस्क्यू अभियान का निरीक्षण

उत्तरकाशी। सिलक्यारा में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं मंगलवार को कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सिलक्यारा टनल और राहत बचाव कार्य का निरिक्षण किया। श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकालने के लिए जद्दोजहद जारी है। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अगरवाल सिल्कयारा पहुंचे। साइट पर पहुंचकर उन्होंने अधिकारियों से टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यो की जानकारी ली। इन दौरान टनल के भीतर जाकर भी उन्होंने व्यवस्थाओं को परखा। प्रेमचंद अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम बहुत जल्दी सफल होने वाले हैं। अभी तक पूरा अभियान सकारात्मक दिशा में जा रहा है। जल्द ही अंदर फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिये केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार समन्वय के साथ कार्य कर रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे है। प्रदेश भर में टनल में फँसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिये ध ार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित हो रहे है। उत्तरकाशी जनपद में चिन्यालिसौड के बड़ेथी गांव में गंगेश्वर मंदिर में श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिये सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मेरा श्रमिकों के परिजनों से विनम्र निवेदन है की बस थोड़ा धैर्य और बनायें रखे मुझे पूर्ण विश्वास है की जल्द ही सफल परिणाम आयेंगे।

## ड्रोन से दिखा सुरंग की साइट का भौगोलिक दृश्य

### सुरंग के ऊपर सड़क तैयार,ड्रिलिंग व बोरिंग की कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई



उत्तरकाशी। आज 11वें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। देश के कोने-कोने से मशीनों को एयरलिफ्ट किया गया है और उत्तरकाशी में दिन रात ड्रिलिंग का काम जारी है। प्रशासन भी अपनी अन्य तैयारी में जुट गया है। श्रमिकों को अस्पताल पहुंचाने के लिए पर्याप्त एंबुलेंस का भी इंतजाम किया जा रहा है। जिसके लिए टिहरी और अन्य जनपद से भी एंबुलेंस मंगाई गई है। उम्मीद है कि बुधवार की रात या बृहस्पतिवार की सुबह तक श्रमिकों का रेस्क्यू किया जा सकेगा।मंगलवार को सुरंग के ऊपरी हिस्से में ड्रिलिंग के लिए गतिविधियां तेज होने की उम्मीद थी, लेकिन यहां कम गतिविधियां ही नजर आईं। गत सोमवार सुबह सर्वे व देर शाम तक यहां सड़क बनाने का काम पूरा कर लिया गया था। लेकिन मंगलवार को यहां ड्रिलिंग व बोरिंग की कोई कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी। इससे पूर्व जिसमें सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद देशी ऑगर मशीन से ड्रिल शुरू हुई, लेकिन मात्र 7 मीटर ड्रिल के बाद ही मशीन की क्षमता कम लगने पर इसे हटाना पड़ा। इसके बाद दिल्ली से वायुसेना के हरक्यूलिस विमानों की मदद से अमेरिकी जेक एंड पुश अर्थ ऑगर मशीन मंगवाई गई। इससे ड्रिल शुरू हुई और 22 मीटर तक 900 एमएम व्यास के पाइप डाल दिए गए, लेकिन बीच में कठोर वस्तु आने से मशीन को रोकना पड़ा। इस बीच मजदूरों तक खाने की सप्लाई के लिए छह इंच की एक अलग पाइपलाइन डालने का काम शुरू हुआ। जो शुरुआती अड़चनों के बाद सोमवार शाम आरपार हो गया। मंगलवार को अमेरिकी ऑगर मशीन से यहां दोबारा ड्रिलिंग का काम शुरू किया गया। जिससे 820 एमएम व्यास के पाइप मलबे में डाले जा रहे हैं। इन पाइपों को पूर्व में डाले गए 900 एमएम के पाइपों के अंदर से ही भेजा रहा है।

## सिलक्यारा पहुंची डीजी हेल्थ विनीता शाह ने लिया जायजा

देहरादून। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में पिछले नौ दिनों से 41 मजदूर सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं। श्रमिकों को सुरंग से निकालने के लिए जद्दोजहद जारी है। वहीं मंगलवार को डीजी हेल्थ ने सिल्क्यारा टनल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य महानिदेशक विनीता शाह ने सिलक्यारा टनल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को अपनी तैयारियां पूरी करने के लिए निर्देशित किया। विनीता शाह ने बताया कि वो जिला अस्पताल में टनल मे फंसे मजदूरों को बाहर आने के बाद अस्पताल पहुंचाने और उनके इलाज की व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची है। शाह ने कहा कि टनल से मजदूरों के बाहर आने के बाद उन्हें स्वास्थ्य परिक्षण के लिए अस्पताल भेजा जाएगा। मौके पर मौजूद डॉक्टर प्रेम पोखरियाल ने बताया कि उन्होंने टनल में फंसे श्रमिकों से बातचीत करने के बाद उन्हें पाइप लाइन के जरिए कैल्सियम और मिनिरल्स की दवाईयां भेजी हैं। मजदूरों ने उन्हें ये भी बताया की वो सभी सुरक्षित हैं।



# अपनों से बातें कर रहे हैं श्रमिक,खाई खिचड़ी

## रेस्क्यू अभियान के लिए प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी हमें निरंतर प्राप्त हो रहा:धामी

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के सिल्कयारा में जहां सुरंग के अंदर फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। वहां का ड्रोन से दृश्य



कैद किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंध न प्राधिकरण के सदस्य, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा कि सुरंग के अंदर पर्याप्त पानी, ऑक्सीजन और रोशनी है। फंसे हुए श्रमिकों के कुछ परिवारों को वहां पहुंचाया गया है। जिन राज्यों से श्रमिक आए हैं वहां के प्रशासन से संपर्क किया गया है। श्रमिकों के परिवार वहां लगाए गए चार इंच के पाइप से अपनों से बातें कर रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि सिलक्यारा टनल में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतर्गत छह इंच व्यास की पाइप मलबे के आर-पार किए जाने से श्रमिकों तक भोजन के साथ ही अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। इस संबंध में आदरणीय प्रध ानमंत्री जी का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी हमें निरंतर प्राप्त हो रहा है। हमारी सरकार सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम पुष्कर सिंह ध ामी को फोन कर सिलक्यारा में चल रहे बचाव कार्यों का फीडबैक लिया। केंद्र द्वारा आवश्यक उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य की एजेंसियों के परस्पर समन्वय से श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। सीएम धामी ने उन्हें श्रमिकों से एंडोस्कोपिक कैमरे की मदद से हुई बातचीत एवं उनकी कुशलता की जानकारी भी दी। सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के लिए रात खिचड़ी भेजी गई थी।



## ऑपरेशन सिलक्यारा सफल हो और टनल निर्माण पर सतर्कता बरतें : हरदा

देहरादून( उद संवाददाता) ।उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सिल्क्यारा टनल हादसे के बाद वहां फंसे हुए मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में सरकार से



टनल निर्माण को लेकर सावधानी बरतने की अपील की है। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि आज दो अच्छी खबरें हैं। एक तो सिलक्यारा को लेकर बचाव की उम्मीद बड़ी है और हम सबके हाथ भगवान से जुड़े हुये हैं कि ऑपरेशन सिलक्यारा सफल हो और सभी बहादुर श्रमिक सकुशल बाहर आएं। इसी से संबंधित दूसरा समाचार है जिसमें सरकार ने सीखने की बात कही है सिलक्यारा हादसे से, वह है सुंरग निर्माण के मानकों को बदलने को लेकर के, यदि अब भी फोकस इस पर जाय और जहां आवश्यक है वहीं टनल बने, यह उत्तराखंड के पर्यावरण की भी और आजीविका की भी, दोनों की बड़ी सेवा होगी। टनल, विकास का मानक नहीं है। बल्कि टनल जहां आवश्यक हो वहीं विकास के लिए उसका उपयोग होना चाहिये। टनल की कीमत पर पर्यावरण भारी कीमत है जिसको उत्तराखंड नहीं चुकाना चाहेगा। मैंने स्वयं मुख्यमंत्री जी से यह आग्रह किया था कि टनल निर्माण को लेकर वो स्वयं सतर्कता बरतें।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# आश्रय व हल्द्वानी राउंड टेबल ने लगाया डॉग टीकाकरण कैंप

## आवारा कुत्तों के लिए रेडियम कॉलर किये वितरित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बेसहारा व बेजुबान जानवरों के कल्याण हेतु टीकाकरण व रेडियम कॉलर बाँटने के उद्देश्य से आश्रय हल्द्वानी से राउंड टेबल -348 सहयोग करते हुए पंचायत घर स्थित आश्रय शेल्टर होम में एक कैंप आयोजित किया गया। जिसमें बेसहारा कुत्तों का बीमारी से बचनें के लिए एक इंजेक्शन के अंदर 06 टीकों की शक्ति वाला इंजेक्शन लगाया गया। इसके अलावा कीड़ो से बचाने की दवा तथा खाने की सामग्री के साथ सड़क पर अंधेरा होने के कारण घायल होने वाले आवारा कुत्तों के लिए रेडियम युक्त कॉलर भी वितरित किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महापौर जोगेंद्र सिंह रौतेला, अतीव अग्रवाल चेयरमैन, आश्रय की संस्थापक निकिता सुयाल हलद्वानी राउंड टेबल 348 , संकेत बगला चेयरमैन एरिया 8 एवम रोहन मधोक ने दीप प्रज्जवलन करके किया। उसके बाद मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि द्वारा आवारा कुत्तों के लिए दवाई, टीके व खाने के पैकेट तथा रेडियम कॉलर वितरित किये गये। इस अवसर पर हेल्पिंग हैंड मुखानी के डा. हिमांशु कुमार ने अपनी सेवा दी। बेसहारा व आवारा कुत्तों के लिए कैंप की सराहना करते हुए श्री रौतेला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर में होते रहने चाहिए। इससे आवारा व बेसहारा जानवरों को सहारा मिल जाता है। जो बेहद ही सराहनीय कदम है। वहीं विशिष्ठ अतिथि संकेत बागला ने कहा कि इस कैंप के माध्यम से समाज को एक बेहतर समाज के निर्माण का सन्देश दिया गया है जो काबिले तारीफ है। इस अवसर पर आश्रय की अध्यक्ष निकिता सुयाल ने कहा कि हम हमेशा से आवारा पशुओं के लिए कार्य करते आये हैं। अभी हमारे शेल्टर में करीब 70 गायों का निजी तौर पर पालन पोषण हो रहा है आगे और भी संख्या बढ़ने का अंदाजा है। साथ ही आश्रय केयर सेंटर की संस्थापक निकिता सुयाल ने राउंड टेबल द्वारा आश्रय का सहयोग करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्सव साहनी, कृष्णा गोयल, सौरव शाह, सनी आनंद, अर्पित अग्रवाल, वत्सल गर्ग, यश जैन, शिवाय बंसल, शोभित, प्रतीक , चिराग, तरुण जोशी, नीरज सुयाल, दीपक बजवाल, संजीव कुमार, पवन आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। राउंड टेबल 348 के सदस्यों ने आश्रय एनिमल केयर सेंटर के साथ भविष्य में एक स्वचालित गऊशाला के निर्माण हेतु कार्य करने का प्रण लिया।

# महिलाओं के आंदोलन व युवाओं के जनजागरण से टूटेगी नशा करोबारियों की कमर: शिव अरोरा

## अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ निकाला पैदल मार्च

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श इंद्रा बंगाली कालोनी में मंगलवार रात अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ महिलाओं और युवाओं द्वारा जारी आंदोलन में पहुँचे विधायक शिव अरोरा ने पैदल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने कहा निश्चित रूप से अवैध शराब माफिया ओर नशे के धंधे चलाने वालों की कमर आप सभी युवाओं और महिलाओं के जगरूकता के कारण टूटी है, विधायक ने कहा पिछले 15 सालों से चल रहे अवैध नशे के कारोबार को जड़ से खत्म होने के लिये आप सभी को जागरूक होकर इस लड़ाई और आंदोलन को जारी रखना होगा और महिलाओं को विधायक शिव अरोरा ने आश्वस्त किया कि ये नशा माफिया या तो अपना काम बदल लें या फिर बंगाली कालोनी छोड़ दे। अगर पुनः कहीं नशे के कारोबार प्रकाश में आये तो गुंडा एक्ट जैसी कड़ी कार्यवाही करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि इस लड़ाई में मातृशक्ति के साथ पूरी तरह से वह खड़े हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही उन माफियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी साथ ही आंदोलन पर बैठी सैकड़ों महिला और युवा टीम के साथ विधायक शिव अरोरा ने पूरी बंगाली कॉलोनी में नशे के खिलाफ लड़ाई को जारी रखते हुए महिलाओं के साथ पैदल मार्च निकाला। विधायक ने कहा नशे के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही आज से पहले कभी नही हुई। अब पूरे रुद्रपुर में जगह जगह आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब और नशे की सामग्री पकड़ी जा रही है उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में नशे के पैर अब जमने नही देंगे। इस दौरान भाजपा नेता ईश्वर मलिक, गणेश रॉय, पार्षद पति विनय विश्वास, सुरेश कोली, सुशील गाबा, पार्षद सुशील यादव, मयंक कक्कड़, विकास सागर, मनोज मदान, सुनील सागर, डंम्पी चोपड़ा, मनमोहन सिंह, सोनू वर्मा, वासु , सरोज रॉय , राजेश कोली व अन्य लोग मौजूद रहे।







# लापता नाबालिक को 12 घंटे में पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक वार्ड निवासी एक नाबालिक बालिका को पुलिस द्वारा कड़ी मेहनत करके 12 घंटे के भीतर बरामद करके परिजनों को सौप दिया। जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को गदरपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिक पुत्री गायब होने की तहरीर दी जिसमें बताया गया कि उसकी पुत्री 19 नवंबर को प्रातः 10 बजे एक एकैडमी में इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स के स्कालरशिप का पेपर देने की बात कहकर घर से गयी थी जो वापस नही आयी , तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। बरामदगी के लिए गठित पुलिस टीम ने मुखविर खास की सूचना पर सराय काले खाँ बस स्टैण्ड के पीछे स्थित कालोनी से समय प्रातः 4.32 बजे नाबालिग को ले जाने वाले नाबालिग किशोर अपचारी निवासी रामजीवनपुर नं0 02 के कब्जे से गुमशुदा को बरामद कर लिया। जब पकड़े गये किशोर से इस संबन्ध मे पूछताछ की गयी तो मामला प्रेम प्रसंग का निकला। दोनों ने बताया कि वह एक दूसरे को पसन्द करते है। गुमशुदा से महिला उपनिरीक्षक द्वारा पूछताछ करने पर किशोर अपचारी द्वारा उसके साथ शारीरिक संबन्ध बनाये जाने की बात सामने आयी। जिस पर पॉस्को एक्ट की बढोत्तरी की गयी है,चूंकि किशोर व पीड़िता दोनों नाबालिग है जिस कारण दोनों को माननीय किशोर न्यायबोर्ड के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी,महिला उप निरीक्षक कुसुम रावत,अपर उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल बलवंत सिंह और इरशादुल्लाह खान शामिल थे।

# 121 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 121 पाऊच अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उ.नि. विकास रावत मुखबिर की सूचना पर कानि. राकेश खेतवाल तथा दिनेश चन्द्र के साथ शिवनगर पीली कोठी के पास खाली प्लाट मे पहुंचे जहां एक व्यक्ति अपने पैरो के पास कट्टे रखकर कच्ची शराब बेचता दिखाई दिया। पुलिस कर्मियो को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे घेर कर पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरिपाल पुत्र होरी लाल निवासी वार्ड 8 पीली कोठी के सामने शिवनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद दो कट्टे से कुल 121 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये गये।

# सब्जी की दुकान से नशीले केप्सूल संग किशोर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस व एएनटीएफ की टीम ने औचक दबिश में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक पाश कालोनी के पास सब्जी की दुकान से 5760 नशीले केप्सूल संग किशोर को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि उसके पिता व ताऊ किशोर से केप्सूल बिकवा रहे थे। जिनकी तलाश शुरू कर दी गई है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी के नेतृत्व में थाना पन्तनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गत देर सायं मेट्रोपालिस हाई क्लास सोसाईटी में स्थित फल सब्जी की दुकान को चैक किया गया तो दुकान से एक की गत्ते की पेटी के अन्दर से 24 डिब्बे में कुल 5760 ट्रेमेडाल केप्सूल बरामद हुए। जिस पर दुकान पर मौजूद विधि विवादित किशोर के विरुद्ध विधिक



कार्यवाही की गई। तलाशी लेने पर उसके पास से मोबाईल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि किशोर के रिश्ते के ताऊ डोरी लाल व उसके पिता शंकर लाल उससे केप्सूल बिकवाते थे। डोरी लाल द्वारा स्डसैनी मेडिकल स्टोर नाम से पहाड़गंज में संचालित मेडिकल स्टोर से नशे के आदि व्यक्तियों को नशे के केप्सूल भारी कीमत पर बेचे जाते है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। बरामद नशे के केप्सूलो की कीमत लगभग दो लाख रूपये बताई गई है। पुलिस टीम में ओमप्रकाश, क्षेत्राधिकारी सितारगंज, प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी थाना पन्तनगर, राजेश पाण्डेय प्रभारी एएनटीएफ, उनि. प्रदीप कोहली प्रभारी चौकी सिडकुल, थाना पन्तनगर, कानि. विनोद खत्री, सन्तोष रावत, हरीश गोस्वामी व पंकज पोखरियाल शामिल थे।

# नाबालिग से दुराचार के आरोपी को बीस वर्ष और सहयोगी को दस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाकर उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी जबकि उसके सहयोगी को दस वर्ष के कठोर कारावास और बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी है। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि 6.5.2018 को खटीमा थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर 11 बजे पाल साइबर कैफे मेलाघाट रोड के कर्मचारी कबीर ने उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को फोन करके स्कूल के फार्म के सिलसिले में साइबर कैफे पर बुलाया था लड़की साइकिल से गई थी। जब काफी समय तक वापस नहीं लौटी तो वह बेटी को देखने गई,वहाँ पूछने पर साइबर कैफे के मालिक व एक अन्य कर्मचारी ने कहा कि तुम्हारी बेटी यहाँ नहीं आई है। बेटी की साइकिल वहीं पर खडी देख महिला ने शोर मचा दिया जब कैफे के अंदर जाकर ढूँढा तो ऊपर वाले कमरे में देखा कि कबीर उसकी बेटी के साथ गलत काम कर रहा था वह बड़ी मुश्किल से बेटी को उनके चंगुल से छुड़ा कर ले आई और सीधे थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि कबीर व उसके साथी ने बेटी को बहला फुसलाकर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शाम करीब पाँच बजे कबीर को गिरफ्तार कर लिया। इधर मेडिकल में लड़की के साथ दुराचार किए जाने की पुष्टि हो गई इतना ही नहीं कबीर का डीएनए भी जॉच में मैच हो गया। पुलिस ने विवेचना के बाद रोहित उर्फ कबीर पुत्र गिरधारीलाल निवासी पकड़िया थाना झनकईया तथा उसके साथी हरविंदर सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र सुखदेव सिंह निवासी अशोक फार्म,खाली महुवट थाना झनकईया के विरूद्ध पॉकसो कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की ।दोनों के विरूद्ध पॉकसो कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने रोहित उर्फ कबीर को धारा 3/4 पॉस्को एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 2व हजार रुपये जुर्माने,धारा 366 भा०द०सं० में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने, धारा 342 व 506 में एक वर्ष के कठोर कारावास, 120 बी में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। उसके साथी हरविंदर सिंह उर्फ हैप्पी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार को निर्देश दिए कि पीडिता को क्षतिपूर्ति के रूप में 6 लाख रुपये प्रदान करें ।

# सड़कों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाए : सीएम

## सड़कों का स्थलीय निरीक्षण के लिए सचिव लोनिवि को नोडल अधिकारी बनाया जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 नवम्बर तक सड़कों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाए। सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसर सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री श्री धामी ने निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सड़कों के गड्ढा मुक्त न होने की स्थिति में और कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी व आतंरिक सड़क मार्गों के कार्यों में भी युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। शहर में सड़कों के निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में



किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जो भी सड़कें बनाई जा रही है, उनमें गुणवत्तापूर्वक कार्य हो, इसकी निगरानी के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और आपदा प्रबंधन पर 6वीं अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस दो बड़े आयोजन होने हैं इसके दृष्टिगत भी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिलक्यारा उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी एजेंसियों को हर संभव मदद दी जाए। श्रमिकों के परिजनों से भी निरंतर समन्वय स्थापित कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव श्री विनीत कुमार, नगर आयुक्त देहरादून श्री मनुज गोयल एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने राज्यपाल को दी राहत और बचाव कार्य की रिपोर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से उत्तरकाशी जनपद के सिलक्यारा के पास सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने हेतु किए जा रहे राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राज्य और केंद्रीय एजेंसियों सहित अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों में सफलता भी मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि



6 इंच व्यास के पाइप को सफलतापूर्वक मलबे के आर-पार किए जाने एवं इसके माध्यम से भोजन एवं अन्य आवश्यक सामग्री श्रमिकों तक पहुंचायी गई है। राज्यपाल ने श्रमिकों को सकुशल निकालने के लिए राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विभिन्न चरणों में रेस्क्यू का काम चल रहा और सभी एजेंसियों के सहयोग और किए जा रहे प्रयासों में सफलता भी मिल रही है। राज्यपाल ने कहा कि श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। राज्यपाल ने फंसे हुए श्रमिकों के धैर्य और साहस की सराहना करते हुए सभी के सकुशल बाहर निकलने की कामना की।

# सरकार जनता के द्वार की कल्पना हो रही साकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नजूल भूमि पर काबिज निर्धन परिवारों की 50 वर्ग मीटर तक की भूमि को नि:शुल्क फ्री-होल्ड कराने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन तथा नगर निगम की नजूल भूमि फ्री होल्ड करने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में रविन्द्र नगर में चल रही फ्री होल्ड की कार्यवाही का अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया और स्वंय भी घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों के मौके पर ही पत्रावलियां पूर्ण कराई। उन्होंने इस कार्य में सम्बन्धित निर्धन व्यक्ति का एक भी पैसा खर्च नहीं हो रहा है। एडीएम ने कहा कि सरकार जिस तीव्र गति से जनता को लाभ पहुँचाना चाहती है, जिला प्रशासन भी उसी गति से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि फ्री-होल्ड की कार्यवाही में लगे सभी विभाग आपसी समन्वय और पूरी ऋण ले सकेंगे। मलिकाना हक मिलने के पश्चात पीएम आवास योजना शहरी के अन्तर्गत भी लाभ उठा सकेंगे और इसके साथ ही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आसानी से लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि आज रुद्रपुर नगर निगम के के द्वारा नगर निगम





टीम द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप सरकार जनता के द्वार पहुँचकर व सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के मंत्र पर कार्य करते हुए घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों की पत्रावलियां तैयार कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में प्रशासन द्वारा कैम्प लगाकर एवं घर-घर जाकर में लगी टीम का भी उत्साह वर्धन किया। उन्होंने घर-घर जाकर आमजनता से भी वार्ता की। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि पत्रावलियां मौके पर ही तैयार कराने हेतु स्टाम्प, नोटरी तथा फोटो कॉपी की नि:शुल्क व्यवस्था के साथ घर-घर जाकर पत्रावलियां तैयार कराई जा रही हैं और पत्रावलियां तैयार कराने मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 1200 पत्रावलिया तैयार हो चुकी हैं, उन्होंने कहा कि पहले चरण में 2000 परिवारों को लाभांवित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक मिलने से व्यक्ति की हैसियत बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति रोजगार हेतु बैंकों से आसानी से क्षेत्रान्तर्गत रविन्द्र नगर में श्रीमती वकुल विश्वास, श्रीमती आशा सरकार, नीरेंद्र तिवारी, श्रीमती रमावती तिवारी, वासुदेव सहित कई लोगों के घरों की नापजोख की गई। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एसएनए दीपक गोस्वामी, पार्षद बब्लू सागर सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर अध्यक्ष बनने पर अमित ढींगरा का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। एकम सनातन भारत दल के नगर अध्यक्ष अमित ढींगरा के बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल बना है। दिनेशपुर रोड़ स्थित पार्टी कार्यालय पर एक बैठक दल के उपाध्यक्ष डा,आरके महाजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष हरिचरण सिंह चन्ना के अनुशंसा पर अमित ढींगरा को एकम सनातन भारत दल के नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अमित ढींगरा को नगर अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूल मालाओं के साथ बधाई देते हुए स्वागत



किया गया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अमित ढींगरा ने कहा कि प्रदेश व जिला कार्यकारणी द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे मैं कर्तव्य निष्ठा से निभाऊंगा और हिंदू समाज को एकजुट करने का पूर्ण प्रयास करता रहूंगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आरके महाजन ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अमित ढींगरा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अमित ढींगरा को जौ जिम्मेदारी दी गई है वह उसे पूर्ण रूप से निभाएंगे, कार्यकारिणी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा, जिससे हिंदुओ में ओर ज्यादा मजबूती आए। इस मौके पर आरके महाजन, हरिचरण सिंह,राजकुमार, अमरीक सिंह,सियाराम सैनी, कुंवर सिंह,मुकेश फोगाट,अर्जुन, गोपाल सिंह,रंजीत सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# कार्तिक शुक्ल की नवमी का महत्व बताया

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में हो रही कथा के 26वें दिन की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि कार्तिक शुक्ल नवमी को आंवला नवमी कहते हैं, आंवला सभी वृक्षों का आदिभूत कहलाता है, उसी से भगवान विष्णु को आंवला अतिप्रिय है, इसके स्मरण मात्र से गोदान का फल मिलता है, स्पर्श करने से इससे दूना और फल भक्षण करने से तिगुना फल प्राप्त होता है, इसलिए सदा प्रयत्न पूर्वक आंवले का सेवन करना चाहिए, यह सब पापों को हरने वाला वैष्णव वृक्ष बताया गया है, इसके मूल में भगवान विष्णु, उसके ऊपर ब्रह्मा, स्कंध में भगवान शिव, शाखाओं में मुनि, टहनियां में देवता एवम फूलों में समस्त प्रजापति वास करते हैं, आंवला में सूर्य देव निवास करते हैं, अत: विष्णु भक्त पुरुषों के लिए यह परम पूज्य है। की प्रभात फेरी श्री जय भवानी जागरण मंडल के अध्यक्ष एवं श्री सनातन धर्म सभा के मंच संचालक सोमनाथ छाबड़ा एवं श्रीमती सुनीता छाबड़ा के निवास ज्ञान विहार पर गई। प्रसाद की सेवा प्रकाश आर्या एवं श्रीमती भगवती एवं सुंदर सिंह चौहान एवं श्रीमती सविता सिंह चौहान द्वारा दी गई।

# कल निकलेगी श्री श्याम बाबा खाटू के जन्मोत्सव पर निशान यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्याम बाबा खाटू के जन्मोत्सव पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति शिवनगर द्वारा कल 23 नवंबर को ट्रांजिट कैंप से गल्ला मंडी तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। जिसमे हजारों बाबा भक्त प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गत सायं आयोजन समिति की एक बैठक ट्रांजिट कैंप में आयोजित की गई। बैठक में निशान यात्रा प्रारंभ स्थल ट्रांजिट कैंप थाना के सामने श्री राधा कृष्ण मंदिर से श्री खाटू श्याम मंदिर गल्ला मंडी तथा वहां से श्री चामुण्डा मंदिर शिव नगर तक के मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेवारियां सौंपी गई। वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कहा कि निशान यात्रा को भव्य रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। निशान यात्रा में श्री खाटू श्याम बाबा जी का शीश स्वरूप भव्य रूप से सुसज्जित पालकी में सजाकर विराजमान किया जायेगा। जिसके साथ बाबा भक्त ध्वज निशान लेकर भजन कीर्तन करते श्री खाटू श्याम बाबा जी की महिमा का गुणगान करते चलेंगे। बैंड बाजे तथा डीजे के मधुर धार्मिक संगीत के साथ निशान यात्रा ट्रांजिट कैंप श्री राधा कृष्ण मंदिर से दोपहर बारह बजे प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए झील मोड़, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क, महाराजा रणजीत सिंह पार्क, मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक से होकर गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचेगी। जहां पर बाबा भक्तों द्वारा केक



काटकर श्री खाटू श्याम बाबा जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहां से निशान यात्रा वापस चामुण्डा मंदिर शिवनगर ट्रांजिट कैंप लौटेगी। जहां भंडारा वितरित किया जाएगा। मार्ग में अनेक स्थानों पर बाबा भक्तों द्वारा निशान यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जायेगा। श्री चुघ ने बताया कि निशान यात्रा में शामिल होने के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित, विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ही आम जनता को भी सादर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी से श्री खाटू श्याम बाबा जी के जन्मोत्सव पर आयोजित निशान यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। अयोजन समिति के संयोजक संजीव गुप्ता ने बताया कि श्री चामुण्डा देवी मन्दिर शिवनगर पर निशान यात्रा का समापन होगा। जहां पर समिति के सदस्यो द्वारा विशाल भंडारे की व्यवस्था की गयी है। संजीव गुप्ता ने बताया कि निशान यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तो को समिति के द्वारा नि:शुल्क निशान उपलब्ध कराये जायेगे। उन्होंने सभी से राधा कृष्ण, मन्दिर पर ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की। श्री गुप्ता ने बताया कि कल सायं सात बजे से श्री श्याम सेवा समिति, प्रीत विहार द्वारा प्रीत विहार वार्ड 25 में श्री शनि मंदिर के समीप ग्रेटर कैलाश कालोनी में श्री खाटू श्याम बाबा जी का भव्य संकीर्तन दरबार सजाया जाएगा। जिसमे आमंत्रित भजन गायक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। बैठक में सुरेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, प्रेमपाल गंगवार, कृष्ण पाल गंगवार, वेद प्रकाश मौर्या, रविन्द्र सिंह, हरिओम, मनोज गुप्ता, राजीव गुप्ता, अमित कोशिक आदि मौजूद रहे।

# अमित सिन्हा ने किया खेल हॉल का निरीक्षण

## राष्ट्रीय खेलों के खिलाड़ियों हेतु ससमय कैम्प शुरू किये जायेंगे एवं खेल उपकरण भी उपलब्ध कराये जायेंगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विशेष प्रमुख सचिव खेल उत्तराखण्ड, देहरादून अमित सिन्हा द्वारा जिला खेल कार्यालय में श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर के निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल एवं वेलोड्रम तथा पुराने बैडमिन्टन हॉल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मनीष बिष्ट उप जिलाधिकारी, श्रीमती रशिका सिद्दीकी सहायक निदेशक खेल, डा. डीके सिंह, महासचिव उत्तराखण्ड ओलम्पिक संघ, गिरीश कुमार जिला क्रीड़ाधिकारी, बीएस रावत जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं खेल विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विशेष प्रमुख सचिव द्वारा मल्टीपरज हॉल एवं वेलोड्रम के निर्माण कार्य को शीघ्र अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही वेलोड्रम के सम्बन्ध में उन्होंने निर्देश दिये कि साईकिल ट्रैक हेतु विशेषज्ञों से जाँच करवाते हुये कार्य को गुणवत्तापूर्वक समय पूर्ण कर लिया जाये तथा मल्टीपरपज हॉल को शीघ्र पूर्ण कर खेल विभाग को हस्तगत किया जाये। जिससे कि आने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों हेतु खिलाड़ी बहुद्देशीय हॉल मे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। श्री सिन्हा ने बैडमिन्टन हॉल का निरीक्षण करते हुये यह निर्देश



दिये कि बैडमिन्टन हॉल का तत्काल नवीनीकरण कर लिया जाये। तदोपरान्त् उन्होंने कलैक्ट्रेट सभागार में 38 राष्ट्रीय खेलों के सम्बन्ध में ओलम्पिक संघ उत्तराखण्ड एवं समस्त खेल संघो के सथ बैठक आयोजित की। जिसमें सभी खेल संघो से आगामी राष्ट्रीय खेल हेतु आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। जिसमे 38वें राष्ट्रीय खेलों में अधिक से अधिक पदक अर्जित करने हेतु खेल संघो से चर्चा की गई तथा यह भी चर्चा हुई कि उत्तराखण्ड राज्य के खिलाड़ी जो अन्य राज्यों से खेल रहे है उनको खेल संघों के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य में वापस लाकर 38 वें राष्ट्रीय खेलों हेतु तैयार किये जाये। खेल संघों द्वारा बताया गया कि सभी खेलों में खिलाड़ियों हेतु समय से प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ कर लिया जाये, जिससे कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों हेतु अधिक से अधिक पदक प्राप्त हों। खेल सचिव ने बताया कि सभी खेलों के खिलाड़ियों हेतु ससमय कैम्प शुरू किये जायेंगे एवं खेल उपकरण भी उपलब्ध करा दिये जायेंगे। बैठक में निदेशक खेल जितेन्द्र कुमार सोनकर एवं सहायक निदेशक नीरज गुप्ता ने वीसी के माध्यम से जुड़े रहे एवं अपने बहुमूल्य सुझाव दिये।इस अवसर पर एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कतियाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डे, सहायक निदेशक खेल, श्रीमती रशिका सिद्दीकी एवं सभी खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में डा. डीके सिंह, महासचित उत्तराखण्ड ओलम्पिक संघ द्वारा विशेष प्रमुख सचिव एवं समस्त खेल संघों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का लिया जायजा

हल्द्वानी ( ,उद संवाददाता)। विशेष खेल सचिव मुख्यमंत्री व सचिव खेल तथा युवा कल्याण अमित सिन्हा ने गत दिवस आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का स्थलीय निरीक्षण करके यहां पर आयोजित होने वाले खेलों को लेकर मैदान का जायजा लिया गया। उन्होंने यहां होने वाले फुटबॉल, ताइक्वांडो, खो खो, स्विमिंग, स्क्वैश आदि खेलों के लिए तैयार हो रहे मैदान का जायजा लेने के साथ ही खिलाड़ियों, ऑफिशिएलों तथा प्रशिक्षकों के लिए आवास व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के लिए भी चर्चा की गई। सिन्हा ने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के माध्यम से सरकार राज्य में खेल पर्यटन को बढ़ावा देना चाहती है। साथ ही इसका उद्देश्य राज्य में खेलों की गति. विधियों को



बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों द्वारा अधिक से अधिक पदक प्राप्त कर उत्तराखंड राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड राज्य को पदक तालिका में शिखर पर लेकर आना है। आगामी राष्ट्रीय खेलों को ध्यान में रखते हुए कुछ नए खेलों को भी शामिल करने का भी विचार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर खेल सचिव के साथ सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्दीकी, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की द्वारा उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान विनय जोशी, डीके सिंह, त्रिलोक सिहं जीना, श्याम भट्ट, मनीष वर्मा, विमला रावत, दीपिका जोशी, दीप्ति जोशी, सोना, तन्जा, किरण मौर्य आदि मौजूद रहे।

# ध्यानपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा





सितारगंज( उद संवाददाता)। विकासखण्ड सितारगंज की ग्राम पंचायत ध्यानपुर में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थान पर लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हथकरघा विभाग गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, नाबार्ड, प्रार) स्वास्थ्य केन्द्र, सितारगंज इत्यादि विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत ध्यानपुर में 239 व्यक्तियों/ महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-आत्मा योजना, के.सी. सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी. एम. के. एस. बाई योजना पी एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों/ सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत ध्यानपुर में कृषकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों को उज्जवला योजना कार्ड को बनाये गये। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी श्रीमती शोभा जनोटी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सितारगंज एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त नोडल अधिकारी दीप चन्द पन्त, सहायक अभियन्ता उपखण्ड प्रथम एम.एस. जंगपांगी, लीड बैंक मैनेजर एवं समर सिंह राणा, ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# गौशालाओं के निर्माण व संचालन के लिए डीएम ने दिए दिशा निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित पशुओं हेतु गौशालाओं के निर्माण व संचालन के संबंध में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्रान्तर्गत गौशालाओं का सप्ताह में एक बार सम्बन्धित क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारियों के साथ निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान यह अवश्य



देखे कि गौशाला में रह रहे पशुओं को मानक के अनुरूप चारा, पानी, पशुओं को रहने की उचित जगह हो यह हम सबकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त काशीपुर, रूद्रपुर, ईओ नगर पालिका गदरपुर व अपर मुख्य अधिकारी जिलापंचायत को निर्देश दिये कि गौशाला निर्माण हेतु जो भूमि चिन्ति की गयी है उसका 30 नवम्बर 2023 तक डीपीआर बनाकर शासन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पांडे को निर्देश दिये कि गौशाला निरीक्षण की रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 केके जोशी सहित सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, ईओ नगर पालिका व पशु चिकित्साधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

# दरबार में मां भगवती का किया गुणगान

किच्छा( उद संवाददाता)। वंडिया में श्याम सुन्दर गुप्ता के घर पर माता रानी का दरबार लगाया गया जिसमे भक्त जनों ने माता का गुण गान किया। वार्ड 5 नानक नगर में कार्तिक मास के नवमी के अवसर पर माता रानी का दरबार लगाया गया जिसमें माता रानी का सुन्दर मधुर गुण गान किया गया। सर्व प्रथम गणेश, सरस्वती, हनुमान, मां शेरा वाली की झांकी निकाली गई जिस मे दूर-दूर से भगत माता रानी का गुण गान सुनने पहुंचे।माता के दरबार के समापन में माता का भोग लगाया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया ।इस दौरान दरबार में माता के भजनों पर भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुणगान किया। इस अवसर पर श्याम सुन्दर गुप्ता,मोहन लाल गुप्ता, दीपक गुप्ता, अमरजीत, ओम पाल, आशु, राम किशोर, महिपाल, अमित शर्मा, टीटू, नरेश, आकाश, दयाल, आदित्य, हरपाल,मनोज, पवन आदि भगत उपस्थित थे।



# तसर रेशम कृषि मेला का आयोजन कर दी योजनाओं की जानकारी

भीमताल। क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, भीमताल द्वारा सोमवार शीत जल मत्स्यकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल के सभागार में एक दिवसीय तसर रेशम कृषि मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष, उत्तराखंड कॉपरेटिव सिल्क फेडरेशन चौधरी अजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि निदेशक रेशम उत्तराखण्ड सरकार देहरादून प्रदीप कुमार, सहायक सचिव तक०, क्षेत्रीय कार्यालय केन्द्रीय रेशम बोर्ड दशरथी वहेडा,, नई दिल्ली एंव केन्द्र प्रभारी ए० एस० वर्मा, वैज्ञानिक-डी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। एवं ओक तसर कीटपालन एवं बीजगार बुक लेट का बिमोचन भी किया गया। उक्त किसान मेला में वैज्ञानिकों, गणमान्य अथितियो, कृषको एंव उत्तराखण्ड रेशम विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों सहित 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। समारोह में उपस्थित तसर कीटपालकों व प्रवुद्ध जनों का स्वागत केन्द्र प्रभारी श्री ए० एस० वर्मा, वैज्ञानिक-डी द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डा० एन. बी. चौधरी निदेशक केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान राची एंव विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार, निदेशक रेशम उत्तराखण्ड सरकार देहरादून ने किसानों को संबोधित करते हुए ओक तसर एव शहतूती रेशम के महत्व एवं रेशम से किसानों की आय में वृद्धि के नये अवसर सृजित करने एवं राज्य में ओक तसर उत्पादन को बढावा देने के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया साथ ही तसर कीटपालकों की समस्याओं के समाधान हेतु कारगर कदम उठाने के सुझाव दिये। श्री मुख्य अतिथि श्री. चौधरी अजीत सिंह अध्यक्ष, उत्तराखंड कॉपरेटिव सिल्क फेडरेशन, ने तसर कीटपालन के साथ तसर बीजागार तसर सूत कताई एवं कपड़ा बुनाई जैसे कार्यक्रम की शुरुआत कर स्थानीय लोगों की बेरोजगारी एवं पहाड़ों से पलायन दूर करने पर जोर दिया एवं रेशम विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। तकनीकी सत्र में समारोह में उपस्थित केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वरिष्ठ एवं अनुभवी वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कर्मचारी ने तसर खादय पौधों का रखरखाव एवं वृक्षारोपण बीज कोसों का चयन एवं संरक्षण बीजागार प्रबंधनए रोग मुक्त चक्तों (तसर अंडों) का यातायात एवं इनक्यूवेशनए तसर कीटपालन प्रबंध नए तसर कीटपालन के क्रम में लगने वाले रोगों की रोकथाम जैसे विषयों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा० जे पी पाण्डे वैज्ञानिक-डी भीमताल ने रोचक एवं उत्साहवर्दधक ढंग से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० एन. बी. चौधरी, निदेशक केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान राची ने की।



# सरकारी जमीन पर कर्मचारियों का अवैध कब्जा नहीं हटा पाया राजस्व विभाग

-रुप्पल अग्रवाल-

सितारगंज। क्षेत्र में तीन सरकारी कर्मचारियों के सरकारी जमीन पर किये गए कब्जे को विभाग नहीं हटा पाया। नगर के बीचोबीच बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर तीनों ने वहां मकान भी बना लिया। जांच में अवैध कब्जों की पुष्टि होने के बाद विभाग के कर्मचारी फाइल दबा कर बैठे हैं। बंदोबस्ती विभाग ने इसे तोड़ने के लिए एसडीएम को पत्र लिखा था। इस जमीन का पूरा ब्योरा तैयार किया गया था। इसके बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सरकारी जमीनों से कब्जे हटाने के मुख्यमंत्री के आदेश का भी अधिकारी पालन नहीं कर रहे हैं। सितारगंज शहर में तीन सरकारी कर्मचारियों ने नगर के बीचोंबीच करोड़ों की बेशकीमती सरकारी भूमि पर बकायदा पक्के भवन निर्मित कर लिए हैं। हालांकि यह कब्जा ताजा नहीं वर्षों पुराना है, लेकिन शहर के मध्य बेशकीमती जमीन पर पक्के निर्माण होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने लापरवाही बरती। मामला नगर के किच्छा मार्ग स्थित गन्ना सोसायटी भवन के पास पड़े खाता संख्या 274 के खेत संख्या 71/1 का है। उक्त भूमि का कुल रकबा 0.252 है जिसमे से 0.0057 हेक्टेयर जमीन पशुपालन विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष भूमि पर सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी बीसी जोशी, सेवानिवृत लिपिक घनश्याम राणा व वर्तमान में खटीमा में तैनात लिपिक किशन सिंह बिष्ठ ने अवैध कब्जा कर आवास बना लिए हैं। उक्त कब्जेदारो ने आसपास में उक्त जमीन ब्लाक द्वारा उन्हें आवंटित होने की भ्रांति फैलाकर लोगों को गुमराह किया है। जबकि खण्ड विकास कार्यालय ने उक्त बयानों को खारिज कर दिया। ब्लॉक के अधिकारियों का कहना है कि उक्त स्थान पर विभाग की कोई जमीन ही नही है। ना ही इस तरह का कोई आवंटन अभिलेखों में दर्ज है। कई माह पहले इस जमीन की जांच और इस पर से कब्जा हटाने के लिए जोर शोर से तैयारी चली थी। बंदोबस्त के राजस्व निरीक्षक अंगद सिंह ने उस समय जांच कर अवैध कब्जों की पुष्टि की थी जिसका अभिलेखों में उल्लेख है। तब इसकी जांच रिपोर्ट तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बंदोबस्ती विभाग से मांगी थी। तहसीलदार को पत्र लिखकर भूमि के स्वामित्व के बारे में जानकारी मांगी गई थी। 3 महीने पहले तहसीलदार ने कहा था की जमीन पर अवैध कब्जा है इसके दस्तावेज बनाकर ध्वस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। कई महीने बीतने के बाद राजस्व कर्मचारियों ने तीनों अतिक्रमण की फाइल दबा ली। अब तक ना तो अतिक्रमण हटाया गया और ना ही फाइल आगे बढ़ी है। विभाग एक तरफ तो शहर में जहां कहीं अतिक्रमण होता है उसको तुरंत गिरा देता है जबकि दो सेवानिवृत्त और एक वर्तमान कर्मचारी के कब्जे की पुष्टि होने के बाद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।




## सचिव ने भी अतिक्रमण हटाने के दिए हैं निर्देश

सितारगंज। राज्य के मुख्य सचिव डॉक्टर एस संधू ने सभी जिलाधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुराने सरकारी जमीनों का रिकॉर्ड खागलने और उनको दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने को भी कहा है। अब देखना है कि सितारगंज में सरकारी जमीनों पर कब्जा हटाने में प्रशासन कितनी सजगता दिखता है। इस संबंध में अधिकारी में संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# बच्चे की मौत के मामले में सामिया प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों सामिया लेक सिटी के तालाब में खेलते बच्चे की डूबकर हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों ने सामिया लेक के बिल्डर, मैनेजर व निदेशक तथा गार्ड के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में शमशेर सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी शिवनगर वार्ड 09 रूद्रपुर ने कहा है कि 18 अक्टूबर की दोपहर उसका पुत्र मनराज सिंह उम्र 6 वर्ष घर के पास खेल रहा था तथा उसके साथ कालोनी का एक बच्चा भी खेल रहा था। खेलते खेलते दोनो सामिया लेक सिटी के तालाब के पास चले गये। उसका पुत्र मनराज सिंह पानी में गिर गया तथा जो बच्चा पुत्र के साथ खेल रहा था वो गेट पर गार्ड को बताने गया। गार्ड तालाब के पास आया पर उसने पुत्र को तालाब से बाहर नहीं निकाला ताकि उसके कपडे खराब न हो जायें। कालोनी में काम कर रहे मजदूरो ने पुत्र को तालाब से बाहर निकाला। उसकी हल्की हल्की सास चल रही थी। सामिया की सिक्योरिटी के लोग उसके पुत्र को न तो अस्पताल लेकर गये न हमें बताया। करीब एक घण्टे बाद उन्हें पता लगा तो पुत्र को अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई । आरोप है सामिया सिटी के सिक्योर्टी व सुरक्षा के उपाय न होने के कारण लापरवाही से पुत्र की मृत्यु हुई है। सामिया लेक सिटी कालोनी के बिल्डर जमीन खान व रमेश यादव, प्रोजक्ट मेनेजर मोहम्मद असीम खान व डायरेक्टर मोरमुल त्योगी के द्वारा तालाब के चारो ओर न तो स्पोर्ट न तारबाड़ लगाई हुई है न ही कोई गार्ड बैठा रखा है एंव तालाब में करीब 6 फिट पानी भरा हुआ है। पूर्व में भी सामिया लेक सिटी कालोनी में कई लोगों की तालाब में डूबकर मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# देवभूमि फाउंडेशन ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

किच्छा(उद संवाददाता)।देवभूमि फाउंडेशन ने एक फोन कॉल पर तुरंत कार्यवाही करते हुए रक्त दान कर एक महिला की जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला को किच्छा में एक निजी अस्पताल मै भर्ती कराया गया था। जिसकी प्लेटलेट मात्र 15000 थी। जिस पर देवभूमि फाउंडेशन टीम तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम के सक्रिय मेंबर महेश कुमार सागर ने रक्त दान किया। रक्तदान से प्लेटलेट बनाकर महिला को चढ़ाई गई जिससे महिला की जान बचाई गई। देवभूमि फाउंडेशन टीम 24 घंटे 365 दिन लगातार रक्तदान सेवा को कर रही है ।संस्था के कार्यकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि रक्तदान के लिए आगे आएं क्योंकि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती बल्कि आपके द्वारा रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। आपके सहयोग से देवभूमि फाउंडेशन टीम लगातार लोगों को बचा पा रही है।



# तलवार सहित एक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। दन्या पुलिस ने हाथ में अवैध तलवार लेकर ग्रामीणों को डरा धमका रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना दन्या पुलिस को सूचना मिली कि रमेश चंद्र जोशी नैनोली गाँव में तलवार लेकर घूम रहा है और ग्रामीणों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो रमेश चंद्र जोशी पुत्र पूरन चन्द्र जोशी निवासी नैनोली पोस्ट खटियोला दन्या हाथ में तलवार लेकर ग्रामीणों के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा था। पुलिस ने उसे तलवार सहित मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाने में सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह भाकुनी, हेड कांस्टेबल देशराज,ललित प्रसाद आदि थे।



# रिपब्लिक डे परेड में चयनित हुआ आरएएन स्कूल का एनसीसी कैडेट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन.पब्लिक स्कूल का छात्र अर्जव कुलसरी जिसने हाल ही में देहरादून में आयोजित आई.जी.सी.आर.डी.सी में भाग लिया था। इस शिविर में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और एन.सी.सी. (एयर विंग) क्षेत्र में से 14 बच्चों को चयनित किया गया। इन्हीं चयनित विद्यार्थियों में से आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल का छात्र अर्जव कुलसरी भी रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित हुआ है। अर्जव की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों में खुशी की लहर है। अर्जव की इस कामयाबी के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर ए.के. राय, विद्यालय संचालक मोहित राय एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अभिभावक गणों को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# राजकीय इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव कल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में गुरूवार को होने वाले वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा पुरुस्कार वितरण समारोह की तैयारी व्यापक रूप से की जा रही है। कार्यक्रम मे प्रतिभा सम्मान,बाल मेला,व प्रतिभा प्रदर्शन आदि का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी ने जानकारी देते हुये कहा कि कार्यक्रम गुरूवार को प्रात:10 बजे शुरु किया जायेगा। मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर रमेश चंद्र आर्या,विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर दलेल सिंह राजपूत, एसडीएम सितारगंज तुषार सैनी,खंड शिक्षा अधिकारी सितारगंज तरुण पंत,रेकिट बैंकाइजर सितारगंज साइड हेड जे पी सिंह होंगे। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम मे पहुंचने का अनुरोध किया है।

# प्रॉपर्टी डीलरों से घिरे रहते हैं सब रजिस्ट्रार

काशीपुर(उद संवाददाता)। तहसील परिसर के अंदर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में जमकर धांधली चल रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद से उपनिबंधक क्षेत्र के बड़े प्रॉपर्टी डीलर एवं बिल्डरों से घिरे रहते हैं। अक्सर उनके केबिन में कोई ना कोई क्षेत्र का बिल्डर अथवा प्रॉपर्टी डीलर जमा रहता है। अपने अजब गजब कारनामों के कारण उपनिबंधक कार्यालय पूर्व में भी कई बार सुर्खियों में रहा है। इस कार्यालय में काम करने वाला एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पिछले लगभग डेढ़ दशक से एक ही स्थान पर जमा है। कार्यालय में काम करने वाले एक बाबू तथा चपरासी के माध्यम से अधिकांश डील की जाती है।

## पेज एक का शेष...

**तो क्या अरविंद को ...**ने शिक्षक बिरादरी की एक न चलने दी और शिक्षकों को पहाड़ की स्कूलों में भेज कर ही दम लिया। इस बीच शिक्षकों द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया गया, जहां उन्हे मुंह की खानी पड़ी, उच्च न्यायालय द्वारा भी शिक्षा मंत्री के इस कदम को सही ठहराया गया। इसके अलावा उन्होंने सूबे के सरकारी स्कूलों का शिक्षा स्तर ऊंचा उठने के लिए प्रदेश में अटल उत्कृष्ट विद्यालय योजना लागू की और राज्य के हर ब्लॉक में दो विद्यालयों को अटल उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत चिन्हित कर, पूरे प्रदेश में 189 सरकारी स्कूलों को इस योजना में शामिल किया। श्री पांडे ने खेल मंत्री रहते प्रदेश में नई खेल नीति लागू कर प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशने का काम किया। खेल नीति का लाभ आज पूरे प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों द्वारा उठाया जा रहा हैं। प्रदेश में पयर्टन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उनके द्वारा गूलरभोज जलाशय को एक नई पहचान दी गई जिसके चलते आज उसका नाम प्रदेश में ही नही बल्कि पूरे देश में हो रहा है। जिसका लाभ स्थानीय लोगों को रोजगार के रूप में मिल रहा है। अरविन्द पांडे ने शिक्षा और खेल मंत्री रहते हुये कई ऐसे विकास कार्य कराये गये, जिसका आज पूरा प्रदेश लाभ उठा रहा है। अरविंद पांडे के ऐसे ही विकास- प्रतिबद्ध कार्य एवं कर्मठता के चलते तराई की जनता अब शायद उन्हें एक नई भूमिका में देखना चाहती है। यही कारण है कि अब उन्हें आगामी आम चुनाव में नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। हाल ही में हल्द्वानी स्थित आकृति महिला समिति ,जिसके सदस्यों की संख्या तकरीबन 1 लाख से अधिक है ,ने अरविंद पांडे को बीजेपी का टिकट देने की मांग की है। इसके अतिरिक्त बिंदु खत्ता में भी पर्वतीय समाज से जुड़े लोगों ने प्रस्ताव पास कर तथा नानकमत्ता में सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में अरदास कर पांडे को भारतीय जनता पार्टी से टिकट देने की मांग की है। काशीपुर में भी अवाम का एक बड़ा तबका अरविंद पांडे को नैनीताल उधम सिंह नगर सीट का सांसद बनाना चाहता है और उसने भी पांडे को भारतीय जनता पार्टी से टिकट देने की पुरजोर मांग की है। बहरहाल अरविन्द पांडे द्वारा अपने पिछले कार्यकाल में मंत्री रहते हुये जनता के हित में जो कदम उठाये थे उससे प्रभावित होकर जनता उन्हें अपने सांसद के रूप में देखना चाह रही है और अलग-अलग क्षेत्रों से उनके पक्ष में आवाज उठा रही है।

**दोस्त ने ही की थी...**बेहोशी की हालत में मिला था। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर पार्थ के पिता की ओर से तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुट गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हत्या की बात सामने आई थी। एसपी सिटी हरवंश सिंह ने बताया कि हत्याकांड का खुलासा करने के लिए थानाध्यक्ष मुखानी प्रमोद पाठक व अन्य थाना प्रभारियों के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने डेढ़ सौ के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें पार्थ सिंह सामंत, उसका दोस्त सिद्धार्थ, मयंक कन्याल और कमल रावत साथ दिखाई दिए। कमल रावत को पार्थ के साथ आखिरी समय तक देखा गया। जिससे साफ हो गया कि हत्या कमल रावत ने ही की है। पूछताछ में कमल ने बताया कि सिद्धार्थ को घर छोड़ने के बाद वह मुखानी चौराहे पर खाना खाने आ गए। इसके बाद वह वहां से आरके टैंट हाउस वाली गली के पास स्थित एक खाली प्लाट पर आ गए। जहां पर मयंक ने पार्थ को स्मैक पिलाई। इसके बाद मयंक भी वहां से चला गया। इसके बाद कमल और पार्थ में बहस हुई तो कमल ने पार्थ का गला दबा दिया जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसे ड्राइविंग सीट पर लिटाने के बाद वह भी कार में ही सो गया। सुबह जब कमल ने पार्थ को उठाने का प्रयास किया तो वह नहीं उठा। इसके बाद वह वहां से चला गया। उसने दोस्तों को भी झूठ बोल दिया कि रात में पार्थ ने उसे घर छोड़ दिया था। कमल ने पुलिस को बताया कि हरिद्वार जाने के बाद वह भाखड़ा पहुंच गया था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, एसओ प्रमोद पाठक, एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, चौकी प्रभारी आम्रपाली दीवान सिंह ग्वाल, आरटीओ चौकी प्रभारी संजीत राठौर, कां. महबूब अली, धीरज सूगडा, चन्दन नेगी, रविन्द्र खाती, जीवन कुमार, अनूप तिवारी आदि शामिल रहे।

**सबके सहयोग से ...**साथ राज्य के चहुमुखी विकास के लिए तत्परता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए जो पूरे उत्साह के साथ काम किया जा रहा है। सरकार दूरस्थ गांवों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही हैं विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से कोने कोने तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होनें हा कि सबके सहयोग से उत्तराखण्ड को मॉडल प्रदेश बनाया जायेगा। इस अवसर पर पंतनगर विवि के कुलपति मनमोहन सिंह चौहान, विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, अमित नारंग आदि मौजूद थे।

**बेटे की मौजूदगी में...**गया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पीएम हाउस भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के हवाले किया। खबर लिखे जाने तक घटना की सही कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतक के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। उसके एक पुत्री की शादी हो चुकी है। अचानक घटित घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है।बताया जा रहा है कि पिछली लगभग सप्ताह भर के करीब से शकील डिप्रेशन में था। सूत्रों की माने तो कुछ घरेलू समस्याओं को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान था और यही परेशानी उसके मौत का सबक बन गई। मृतक शकील के परिजन घटना के बारे में मुंह खोलने को तैयार नहीं है। शकील की मौत को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं व्याप्त है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम नरेश कुमार (NARESH KUMAR) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके नरेश कुमार ग्रोवर (NARESH KUMAR GROVER) रख लिया है। मैं सामान्यता: सभी व्यक्तियों, रिश्तेदारों और मित्रों को यह स्पष्ट अधिकार देता हूँ और उनसे यह अनुरोध करता हूँ कि वे भविष्य में अब से हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नए नाम नरेश कुमार ग्रोवर (NARESH KUMAR GROVER) से ही सम्बोधित करें।

नरेश कुमार ग्रोवर पुत्र श्री लालचंद निवासी- मकान नं0-34, फेस-3, अलायन्स किंग्सटन एस्टेट, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम उषा रानी (USHA RANI) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके उषा ग्रोवर (USHA GROVER) रख लिया है। मैं सामान्यता: सभी व्यक्तियों, रिश्तेदारों और मित्रों को यह स्पष्ट अधिकार देती हूँ और उनसे यह अनुरोध करती हूँ कि वे भविष्य में अब हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नए नाम उषा ग्रोवर (USHA GROVER) से ही सम्बोधित करें।

उषा ग्रोवर पत्नी श्री नरेश कुमार ग्रोवर निवासी- मकान नं0-34, फेस-3, अलायन्स किंग्सटन एस्टेट, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy
Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000
HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade
bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Zero down payment | 30 months low cost EMI
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Zero down payment | 30 months low cost EMI
Galaxy S23 FE
Own at
₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic,
Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank,
Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरु*
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन